ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

**दिनांक 05.05.2025 को अपराह्न 4:00 बजे ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर मे स्थित अचार्य नरेन्द्र देव प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित नवम् परीक्षा समिति की बैठक का कार्यवृत्त**

1. प्रो0 अजय तनेजा, माननीय कुलपति – अध्यक्ष
2. प्रो0 चन्दना डे – सदस्य
3. प्रो0 एहतेशाम अहमद – सदस्य
4. प्रो0 फ़खरे आलम – सदस्य
5. प्रो0 सौबान सईद – सदस्य
6. डॉ0 नीरज शुक्ल – सदस्य
7. डॉ0 अताउर रहमान आज़मी – सदस्य
8. डॉ0 महेश कुमार, कुलसचिव – सदस्य
9. डॉ0 भावना मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक – सदस्य सचिव

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यगण का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया। तत्क्रम में परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत कार्य–सूची पर परीक्षा समिति द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये –

**बिन्दु संख्या–01** **विश्वविद्यालय के माह दिसम्बर 2024 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षाफल निर्माण के उपरान्त वर्ष दिसम्बर 2022, मई 2023, दिसम्बर 2023 एवं मई 2024 के परीक्षाफल में हुए परिर्वतन पर विचार।**

निर्णय– प्रकरण के संबध मे संदर्भित तथ्यो पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। सम्यक् विचारोपरान्त समिति के सदस्यो द्वारा सर्व सम्मति से छात्र हित के दृष्टिगत वर्ष दिसम्बर 2022, मई 2023, दिसम्बर 2023 एवं मई 2024 के परीक्षाफल को यथावत् रखने की संस्तुति की गयी।

अग्रेत्तर परीक्षाफल निर्माण मे इस प्रकार के प्रकरण की पुनरावृत्ति न होने पाये, इस सम्बंध में माननीय कुलपति महोदय द्वारा विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी प्रदान किए गये।

**बिन्दु संख्या–02** **बी0टेक0 छात्र–छात्राओ के प्रार्थना पत्र दिनांक 23.11.2024 पर विचार–विमर्श।**

निर्णय– बी0टेक0 छात्र–छात्राओं के प्रार्थना पत्र पर हुए सम्यक् विचारोपरान्त छात्र–छात्राओं के अनुरोध को सैद्धान्तिक रूप से स्वीकार करते हुए, परीक्षा नियंत्रक को इस सम्बंध में अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों मे विहित व्यवस्था ज्ञात करने के निर्देश प्रदान किये गये। यह भी निर्देशित किया गया कि

Add. :- Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow-226013, U.P. (India)
website : https://kmclu.ac.in/ e-mail : coe@kmclu.ac.in

पत्रावली पर अन्य विश्वविद्यालय/संस्थानों से इस सम्बंध मे प्राप्त अंकपत्रों के नमूने प्रस्तुत किए जाए।

अग्रेत्तर समिति द्वारा इस प्रकरण पर निर्णय लिए जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

बिन्दु संख्या–03 **सुश्री ज़ेहरा फातिमा कोर्स बी०ए० फारसी 2019 बैच की छात्रा, के N+2 की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् बैक पेपर परीक्षा कराये जाने पर विचार–विमर्श।**

निर्णय– सुश्री ज़ेहरा फातिमा के पत्र दिनांक 29.04.2025 पर विचार किया गया तदोपरान्त समिति द्वारा विश्वविद्यालय के अध्यादेश में विहित प्रविधानो के अनुपालन में **N+2** की अवधि समाप्त होने के कारण सुश्री ज़ेहरा फातिमा के प्रार्थना पत्र को अस्वीकार करते हुए निक्षेपित किया गया।

बिन्दु संख्या–04 **श्री देवेन्द्र कुमार राय के प्रार्थना पत्र दिनांक 03.02.2025 पर विचार–विमर्श।**

निर्णय– श्री देवेन्द्र कुमार राय के प्रार्थना पत्र पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि सम्बंधित छात्र को विश्वविद्यालय के नियमानुसार सम्पूर्ण सेमेस्टर की फीस जमा करने के उपरान्त ही द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा देने की अनुमति प्रदान किए जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

बिन्दु संख्या–05 **समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षाफल निर्माण में परीक्षाफल समन्वयक के सहयोगी कर्मियों के मानदेय के सम्बंध में।**

निर्णय– समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षाफल निर्माण में परीक्षाफल समन्वयक के सहयोगी कर्मियों के मानदेय के सम्बंध मे समिति द्वारा विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया, चुंकि सम्बंधित प्रकरण मे वित्तीय उपाशय निहित है, अतः सम्बंधित प्रकरण पर तथ्यात्मक आख्या प्रस्तुत करने हेतु समिति द्वारा तीन सदस्यीय समिति के गठन की संस्तुति की गयी।

1. डॉ० महेश कुमार, कुलसचिव।
2. श्री साज़िद आज़मी, वित्त अधिकारी।
3. डॉ० भावना मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक।

उपरोक्त समिति को अपनी तथ्यात्मक आख्या एवं संस्तुति आगामी वित्त समिति में प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए गये।

**बिन्दु संख्या–06** सम सेमेस्टर परीक्षाओ के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं की कोडिंग एवं डी–कोडिंग कार्यो हेतु धन राशि को पुनरीक्षित किये जाने पर विचार–विमर्श।

निर्णय– परीक्षा समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव को संज्ञान में लिया गया एवं प्रकरण को बिन्दु सं0 05 कि सम्बंध मे गठित समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गये।

**बिन्दु संख्या–07** सत्र 2024–25 सम सेमेस्टर की परीक्षा समय सारणी का संसूचन।

निर्णय– सत्र 2024–25 की सम सेमेस्टर की अंनतिम परीक्षा समय सारणी से समिति संसूचित हुयी। यह निर्णय लिया गया कि सम्बंधित समय सारणी पर प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर यथा संभव निस्तारण करने के उपरान्त ही अंतिम समय सारणी जारी की जाये।

अंत में बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुयी।

Bmishra
05/05/2025
(डॉ0 भावना मिश्रा)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव
Controller of Examination
K.M.C. Language University
Lucknow

5/5/2025
(प्रो0 अजय तनेजा)
मा0 कुलपति/अध्यक्ष।
Vice Chancellor
Khwaja Moinuddin Chisti
Language University, Lucknow